सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 109 | इंदौर, गुरुवार 25 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. अमेरिका के लेविस्टन शहर में भीषण गोलीबारी में 22 की मौत, 50 से ज्यादा घायल, हमलावर फरार
2. Rajasthan: पेपर लीक मामले में ईडी एक्शन में, पीसीसी चीफ डोटासरा के परिवार पर कार्रवाई
3. जीते जी मौत की तैयारी!: गाजा पट्टी में लोग अपने बच्चों को पहना रहे खास ब्रेसलेट, वजह जानकर दिल भर आएगा
4. WC Points Table: नीदरलैंड पर रिकॉर्ड जीत से ऑस्ट्रेलिया के नेट रनरेट में बंपर उछाल, पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा
5. Tamil Nadu: राजभवन की शिकायत- DMK नेताओं की धमकी- जान के खतरे का सामना कर रहे राज्यपाल, पुलिस कुछ नहीं कर रही
6. चिकबल्लपुर के नेशनल हाईवे में टैंकर से टकराई एसयूवी, चार महिलाओं समेत 12 की मौत
7. Report: भूजल की कमी के चरम बिंदु की ओर बढ़ रहा भारत, इस इलाके में हालात गंभीर, संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

# बागियों ने बढ़ाई भाजपा कांग्रेस की मुश्किलें

## दर्जा प्राप्त मंत्री से लेकर पूर्व विधायक तक नाराज, निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में टिकट बंटवारे के बाद से ही बीजेपी और कांग्रेस में घमासान मचा है। कई सीटों पर घोषित प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है। कुछ सीटों पर तो दोनों दलों में खुली बगावत हो रही है। जिसके बाद कांग्रेस ने अपनी दूसरी लिस्ट में 3 सीटों पर, फिर चौथी लिस्ट में 4 सीटों पर प्रत्याशी बदले हैं। इनमें सुमावली से कांग्रेस ने जिस कुलदीप सिकरवार को बदलकर मौजूदा विधायक अजब सिंह कुशवाह को टिकट दिया है, उन्हें बसपा ने सुमावली से अपना प्रत्याशी बनाया है।**

कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही दलों से टिकट के दावेदारों ने बागी होकर चुनाव लडऩे का ऐलान किया है। इनमें निवाड़ी से भाजपा के नंदराम कुशवाहा, शुजालपुर से कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बंटी बना, जावरा सीट से करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर का नाम शामिल हैं। इसी तरह दो बार विधायक रहीं रेखा यादव बिजावर सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं।

निवाड़ी विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहे शिवराज सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नंदराम कुशवाहा निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यूपी के झांसी जिले के बरुआसागर कस्बे में एक मैरिज गार्डन में कुशवाहा समाज की बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने निर्दलीय चुनाव लडऩे का ऐलान कर दिया। नंदराम ने कहा- दलाल, चोरों और माफिया को बढ़ावा देने वाली पार्टियां हारेंगी और उनके उम्मीदवार भी हारेंगे। पिछले महीने नंदराम ने निवाड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के ही विधायक अनिल जैन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पार्टी ने यहां से अनिल जैन को ही टिकट दिया है।

छतरपुर जिले की बड़ामलहरा सीट से दो बार विधायक रहीं रेखा यादव बिजावर सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं। वह बिजावर से बीजेपी से टिकट मांग रही थीं। 2018 में उनका टिकट काटकर ललिता यादव को बड़ामलहरा से उम्मीदवार बना दिया था। हालांकि, समाजवादी पार्टी बिजावर में मनोज यादव को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। सूत्रों की मानें तो रेखा को समाजवादी पार्टी की ओर से टिकट देने का आश्वासन मिल चुका है।



### आज नामांकन दाखिल करेंगे बंटी बना

शुजालपुर सीट पर कांग्रेस से टिकट की दावेदारी कर रहे दिग्विजय सिंह के समर्थक योगेंद्र सिंह बंटी बना बगावती मूड में नजर आ रहे हैं। योगेंद्र ने एक वीडियो जारी कर गुरुवार को नामांकन दाखिल करने ऐलान किया है।

### करणी सेना प्रमुख निर्दलीय लड़ेंगे

जावरा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार बदला है। यहां हिम्मत श्रीमाल की जगह वीरेंद्र सिंह सोलंकी को टिकट दिया है। जावरा सीट पर कांग्रेस से करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर टिकट मांग रहे थे। अब उन्होंने निर्दलीय चुनाव लडऩे का ऐलान कर दिया है। वे गुरुवार 26 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे।

### बसपा से चुनाव लड़ेंगे कुलदीप सिकरवार

मुरैना जिले की सुमावली सीट से कांग्रेस ने कुलदीप सिकरवार को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन बुधवार को जारी लिस्ट में उनकी जगह मौजूदा विधायक अजब सिंह कुशवाह को टिकट दे दिया गया। अब कुलदीप सिकरवार बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। बसपा ने बुधवार शाम को जारी अपनी लिस्ट में कुलदीप सिकरवार को सुमावली से प्रत्याशी बनाया है।

### तीसरे मोर्चे से केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि लड़ेंगे चुनाव

छतरपुर जिले की महाराजपुर सीट से केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक के सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र नायक टिकट ना मिलने से नाराज होकर अलग चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी के दूसरे दावेदारों ने बैठक कर धीरेंद्र सिंह को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया है। इस सीट पर बीजेपी ने पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह भंवर राजा के बेटे कामाख्या प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### पूर्व विधायक निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

खरगोन में भगवानपुरा क्षेत्र से पूर्व विधायक जमना सिंह सोलंकी ने निर्दलीय चुनाव लडऩे का ऐलान किया है। वे टिकट कटने से नाराज हैं। उन्होंने सांसद गजेंद्र पटेल पर टिकट कटवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह खुद भी कहें, तब भी फॉर्म नहीं उठाऊंगा। यहां भाजपा ने चंदर सिंह वास्कले को प्रत्याशी बनाया है। बुधवार को सांसद गजेंद्र पटेल उनका नामांकन जमा करवाने कलेक्ट्रेट पहुंचे। सांसद ने कहा कि जमना सिंह हमारे वरिष्ठ नेता हैं। हम उन्हें मना लेंगे।

### नंदकुमार सिंह के बेटे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

बुरहानपुर से टिकट नहीं मिलने के बाद पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने निर्दलीय चुनाव लडऩे की घोषणा कर दी है। उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। बुरहानपुर सीट से हर्षवर्धन सिंह चौहान इस बार प्रबल दावेदार थे। हालांकि पार्टी ने पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस को मैदान में उतारा है। कांग्रेस की ओर से निर्दलीय विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा को टिकट दिया गया है।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष लड़ेंगी चुनाव

जयसिंहनगर विधानसभा सीट पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती सिंह ने चुनाव लडऩे का ऐलान कर दिया है। बुधवार को उन्होंने नामांकन पत्र भी मंगवा लिया है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी स्थिति में अब पीछे नहीं हटूंगी, यदि मुझ पर भाजपा ज्यादा दबाव बनाती है तो मैं पार्टी से इस्तीफा दे दूंगी। यहां से भाजपा से मनीषा सिंह और कांग्रेस से नरेंद्र मरावी चुनावी मैदान में हैं।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ...

## इंदौर में हो रही हैं अनूठी गतिविधियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। जिले में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसके लिये निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अनूठी गतिविधियां भी हो रही हैं। इसके तहत जहां एक ओर रावण दहन कार्यक्रम और गरबों के कार्यक्रम में मतदाताओं को मताधिकार के फायदे बताकर उनसे मतदान की अपील की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर वाहन रैली, महिला समूह की बैठकें आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इंदौर के महू में कल विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में जिला प्रशासन और पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी एक साथ पहुंचे तो सभी दर्शक अचंभित हो गये। यहां अधिकारियों ने पहुंचकर मतदाताओं से मतदान की अपील की और उन्हें मतदान के लिये शपथ भी दिलायी। खेल संकुल मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में एसडीएम श्री विनोद राठौर, एएसपी श्री रुपेश द्विवेदी ने शपथ दिलायी और मतदाताओं से मतदान की अपील की। इसी तरह के प्रयास जिले के अन्य क्षेत्रों में भी हुए। देपालपुर के आगरा ग्राम में आयोजित गरबे के कार्यक्रम में शामिल बालिकाओं ने अपने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर मतदान करने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे आगामी 17 नवम्बर को वोटिंग का त्यौहार बनाये और मतदान जरूर करें। इसके साथ ही देपालपुर क्षेत्र में बाइक रैली का आयोजन भी किया गया। इसी तरह ग्राम पेडमी में महिलाओं ने एकत्रित होकर समूह बैठक की और मतदान के संबंध में अपील की।

शुक्ला बोले-

# सरकार बनने पर नाइट कल्चर बंद करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-1 से कांग्रेस के प्रत्याशी संजय शुक्ला ने विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार दोपहर मुहूर्त का नामांकन जमा किया। शुक्ला ने अभिजीत मुहूर्त में नामांकन जमा किया है। इंदौर-1 से यह पहला फॉर्म है जबकि जिले से चौथा है। इससे पहले, इंदौर-4 से निर्दलीय परमानंद तोलानी, सांवेर से भाजपा के तुलसी सिलावट और देपालपुर से निर्दलीय कृपाराम सोलंकी भी नामांकन जमा करा चुके हैं।**

शुक्ला ने नामांकन जमा करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर इंदौर में नाइट कल्चर को खत्म कर दिया जाएगा। मेरे क्षेत्र इंदौर-1 में ड्रग्स नहीं बिकती है। इंदौर-2 (विजयवर्गीय समर्थक रमेश मेंदोला का क्षेत्र) में सबसे ज्यादा ड्रग की बिक्री होती है। वहां के बारे में कोई बात नहीं करता। 15 साल के शिवराज शासनकाल में एक भी भूमाफिया पर कार्रवाई नहीं की गई। जबकि कमलनाथ सरकार ने डेढ़ साल की सरकार के दौरान कई भूमाफियाओं को जेल में डाल दिया था। इंदौर-1 मेरा परिवार है और यही परिवार चुनाव लड़ रहा है जबकि भाजपा की ओर से गुंडों की फौज चुनाव लड़ रही है। गौरतलब है कि ड्रग्स को लेकर विजयवर्गीय लगातार हमलावर हैं। वे पहले भी ड्रग्स को जड़ से खत्म कर युवाओं को भविष्य बर्बाद होने से रोकने के लिए बयान दे चुके हैं। इसकी वजह साजिश भी बताई थी।

### इसलिए चुना अभिजीत मुहूर्त

ज्योतिषियों के मुताबिक इस समय कोई भी कार्य करने पर विजय प्राप्त होती है। आमतौर पर वर्ष के 365 दिन में 11.45 से 12.45 तक का समय अभिजीत मुहूर्त कह सकते हैं। प्रत्येक दिन का मध्य-भाग (अनुमान से 12 बजे) अभिजीत मुहूर्त कहलाता है, जो मध्य से पहले और बाद में 2 घड़ी अर्थात 48 मिनट का होता है। इस दौरान संजय शुक्ला ने कहा मेहमान नवाजी हो गई है अब घर भेज देंगे। बीजेपी ने 20 सालो में विकास नहीं विनाश किया है। कैलाश जी मेरे पिता तुल्य हैं, बेटे को जीत का आशीर्वाद देना चाहिए। आगे कहा वे बंगाल गए थे, तब बोल रहे थे टाइगर हूं, अब घोड़ा बन गए हैं। हेलीकॉप्टर नेता को रोड पर आना होगा क्योंकि हेलीकॉप्टर तो उड़ गया है। कैलाश के चुनाव लडऩे से गुंडों के हौसले बुलंद हुए हैं।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।**

आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## 6 उम्मीदवारों ने किये नामांकन दाखिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये आज 6 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये। यह नामांकन विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 में श्री संजय शुक्ला (इंडियन नेशनल कांग्रेस) एवं श्री सुनील कुमार अहिरवार (बहुजन समाज पार्टी), इंदौर-2 में श्री प्रमोद नामदेव (सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) एसयूसीआई (सी)), इंदौर-5 में श्री अयाज अली (निर्दलीय), विधानसभा क्षेत्र राऊ में देवकी मण्डलोई (बहुजन समाज पार्टी) तथा विधानसभा क्षेत्र सांवेर में श्री विनोद यादव (आजाद समाज पार्टी (काशीराम)) द्वारा जमा किया गया।

## केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम का उल्लंघन करने पर जप्त होंगे ऑपरेटर के उपकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क के जरिये किये जाने वाले विज्ञापनों के प्रसारण के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशांनुसार केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम 1995 तथा इसके उपबंधों के अनुसार निर्धारित विज्ञापन संहिता के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले विज्ञापनों का प्रसारण केबल सेवा के माध्यम से नहीं किया जा सकता हैं। इसका उल्लंघन पाया जाता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा केबल ऑपरेटर के उपकरण को जप्त किया जा सकता है। राजनैतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों द्वारा अधिप्रमाणित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रसारण ही केबल नेटवर्क के माध्यम से किया जा सकता है। केबल ऑपरेटर्स द्वारा संचालित लोकल न्यूज चैनल्स पर पेड न्यूज की निगरानी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## सभी 140 शिकायतों का निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी-विजिल एप के माध्यम से मिली सभी 140 शिकायतों का निराकरण हो गया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार किया गया है। यह एप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय हो गया है। एप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो, वीडियो के माध्यम से कर सकते हैं। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते हैं।

इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये बेहतर इंतजाम किये गये हैं। शिकायतों को प्राप्त करने तथा उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही के लिये कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। बताया गया कि इस कंट्रोल रूम में अभी तक कुल 205 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 187 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 18 शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई जारी है। इनमें ऑनलाइन सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त सभी 140 शिकायतों का निराकरण हो गया है। इस तरह सी विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत शतप्रतिशत हैं। ऑफलाइन प्राप्त 65 शिकायतों में से 47 शिकायतें निराकृत हो चुकी है। शेष शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई जारी है। यह कंट्रोल रूम नियमित रूप से सतत कार्य कर रहा है।

## कान्यकुब्ज मंच ने किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कान्यकुब्ज मंच के संस्थापक स्व. आचार्य बालकृष्ण पाण्डेय के जन्मशती समारोह में कानपुर में उपस्थित न हो पाने वाले इंदौर कान्यकुब्ज विद्याप्रचारिणी सभा के उपाध्यक्ष अनूप वाजपेयी, दुर्गा नारायण तिवारी तथा धार कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अभिभाषक सुनील तिवारी का इंदौर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मान किया गया। एक कार्यक्रम में हिंदी परिवार के अध्यक्ष हरेराम वाजपेयी तथा कान्यकुब्ज मंच के मध्यप्रदेश प्रतिनिधि पं. रामचंद्र दुबे ने स्मृति-चिन्ह, शॉल तथा माला पहनाकर अनूप वाजपेयी के समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान को सराहा। कार्यक्रम में अजय दीक्षित, लक्ष्मीनारायण भार्गव, अवधेश द्विवेदी (धार), पुष्प कुमार भार्गव ने कान्यकुब्ज मंच के आशुतोष पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महेंद्र हार्डिया को लेकर खत्म नहीं हो रही नाराजगी

## चुनाव कार्यालय उद्घाटन में नहीं जाएंगे कुमावत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर-5 में महेंद्र हार्डिया के टिकट को लेकर बीजेपी नेताओं की नाराजगी खत्म नहीं हो रही है। उन्होंने हार्डिया के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से भी दूरी बना ली है। मामला नानूराम कुमावत से जुड़ा हुआ है। उनके घर के सामने ही हार्डिया का चुनाव कार्यालय है, हालांकि उनका कहना है कि पैर में चोट लगी है। साथ ही संगठन में बात करने की बात भी उन्होंने कही है।**

दरअसल, इंदौर-5 में विधायक महेंद्र हार्डिया का खुलकर विरोध था। पार्टी के नेताओं ने उनके टिकट का विरोध किया था। कार्यकताओं ने हार्डिया के खिलाफ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को खून से पत्र तक लिखा था, जिसमें राजा कोठारी सहित अन्य शामिल थे। पूर्व पार्षद दिलीप शर्मा सहित अन्य पूर्व पार्षद हार्डिया के टिकट के खिलाफ थे। बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नानूराम कुमावत भी इंदौर-5 से दावेदारी जता रहे थे। उन्होंने टिकट के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। बीते एक साल से तो कुमावत क्षेत्र में अत्यधिक सक्रिय थे।

कई आयोजन भी किए। पब्लिक कनेक्ट के लिए लगातार कुछ न कुछ गतिविधियां करते रहे लेकिन आखिरकार पार्टी ने उनके टिकट पर विचार नहीं किया और हार्डिया को मैदान में उतार दिया। सूत्रों के मुताबिक हार्डिया के टिकट के बाद से ही वे नाराज चल रहे हैं। बुधवार शाम को इंदौर-5 के बीजेपी प्रत्याशी महेंद्र हार्डिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन है। इससे पहले सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल हुए कि कुमावत ने इसका बहिष्कार कर दिया है और वे कार्यालय के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगे। हार्डिया का चुनाव कार्यालय कुमावत के घर के सामने ही है। इस संबंध में जब कुमावत से बात की तो उन्होंने कहा कि पैर में चोट लगी है, इसलिए चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में नहीं जा सकते साथ ही उन्होंने संगठन में बात करने की भी बात कही।

# श्री दिगंबर जैन पंचबालयति मंदिर में आयोजन

## ◆ मुनि पूज्य सागर महाराज के सान्निध्य में शुरू हुआ पांच दिवसीय गुरु आराधना महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री दिगंबर जैन पंचबालयति पारमार्थिक एवं धार्मिक ट्रस्ट की ओर से श्री दिगंबर जैन पंचबालयति मंदिर विजयनगर में शरद पूर्णिमा पर मुनि पूज्य सागर महाराज के सान्निध्य में पांच दिवसीय गुरु आराधना महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत 25 अक्टूबर को आचार्य शांति सागर महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया। इसके बाद 26 अक्टूबर को गणेश प्रसाद वर्णी का 150वीं जन्म जयंती महोत्सव, 27 अक्टूबर को पं. गुलाब चंद पुष्प जन्म दिवस महोत्सव, 28 अक्टूबर को आचार्य विद्या सागर का 78वां जन्म महोत्सव और शरद पूर्णिमा 29 अक्टूबर को आचार्य वीर सागर महाराज जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन किया जाएगा। शरद पूर्णिमा पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे, जिसमें शाम को गरबा, आरती, नृत्य आदि होगा। इस मौके पर विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया जाएगा।**

पांचों दिन सुबह 6 बजे पूजन-अभिषेक, सुबह 8 बजे प्रवचन और गुणानुवाद (आचार्यों का), 10 बजे आहारचर्या, सायं 6 बजे आचार्य भक्ति, आरती, सायं 7 बजे भक्तामर आराधना होगी। सभी कार्यक्रम आचार्यश्री विहर्ष सागर ससंघ एवं अंतर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में होंगे। निर्देशन ब्रह्मचारी जिनेश मलैया का होगा। अंतर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज और क्षुल्लक अनुश्रमण सागर महाराज का 24 अक्टूबर की शाम 6 बजे श्री दिगंबर जैन पंचबालयति मंदिर विजयनगर में पंच दिवसीय गुरु आराधना महोत्सव के लिए मंगल प्रवेश हुआ। ब्रह्मचारी जिनेश मलैया ने बताया कि मुनि 28 अक्टूबर तक पंचबालयति मंदिर में विराजित रहेंगे। उनके सान्निध्य में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे वह वापस मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर स्मृति नगर के लिए विहार करेंगे।

# ओमेक्स सिटी में निकला पथ संचलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयादशमी पर वीर सावरकर शाखा ओमेक्स सिटी बस्ती से पहली बार पथ संचलन निकाला। पथ संचलन में गार्डन होम्स पर स्वयं सेवक सुबह से आना शुरू हो गए थे। संचलन में ओमेक्स सिटी, प्लेटिन पैराडाइज, विस्तारा व मायाखेड़ी के स्वयं सेवक सम्मिलित हुए। पथ संचलन मार्ग 6.5 किमी का रहा। सभी दायित्ववान स्वयं सेवकों ने अपने दायित्व का निर्वहन बड़े ही अच्छे किया। पथ संचलन में 120 स्वयं सेवक सम्मिलित हुए। पथ संचलन गार्डन होम्स से शुरू होकर बसेरा के पास वाले रोड़ से होकर द नीड्स स्टोर कार्नर से होते हुए फुटबॉल ग्रांउड, एन एक्स मंदिर, चेक पोस्ट, ओमेक्स ग्रीन वाले रोड़ से ड्रीम होम 1 व 2 से शुभांगन एक्टेंशन से शुभांगन में प्रवेश करके शुभांगन भारत माता चौराहा से प्राईम स्क्वेयर, शुभांगन प्रीमियम, हैप्पी होम्स, बीस एकड़ होते हुए गार्डन होम्स पर समाप्त हुआ।

# एकल खिड़की के माध्यम से जारी की गई 992 अनुमतियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में निर्वाचन के दौरान आमसभा, जुलूस, रैली, वाहन रैली, सामाजिक/धार्मिक आयोजनों आदि की अनुमतियां जारी करने के लिये कलेक्टर कार्यालय में एकल खिडकी स्थापित की गई है। इस एकल खिडकी में 10 अक्टूबर से लेकर अभी तक अनुमतियां संबंधी 997 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 992 आवेदनों में अनुमति जारी कर दी गई है। शेष 5 आवेदनों में अनुमति जारी करने की प्रक्रिया जारी है। एकल खिडकी की यह व्यवस्था कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। एकल खिडकी के अलावा सभी रिटर्निंग अधिकारी भी अपने स्तर से अनुमतियां जारी कर रहे हैं। एकल खिडकी व्यवस्था के नोडल अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर श्री चरणजीत सिंह हुड्डा ने बताया कि अभी तक विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 के लिये 211, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 के लिये 141, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 के लिये 125, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 के लिये 92, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-5 के लिये 226, विधानसभा क्षेत्र राऊ के लिये 142, विधानसभा क्षेत्र देपालपुर के लिये 11, विधानसभा क्षेत्र महू के लिये एक तथा विधानसभा क्षेत्र सांवेर के लिये 43 आवेदनों में अनुमति जारी की गई है।

# नम आंखों से बंगाली समाज ने किया माताजी का विसर्जन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिस तरह से एक बेटी घर आती है और फिर उसकी विदाई के समय सभी की आंखे नम हो जाती है, वैसा ही सब कुछ माताजी के विसर्जन के दौरान बंगाली समाज में हुआ। श्री शारदीय दुर्गा पूजा महाउत्सव का समापन माताजी के विसर्जन से हुआ, जिसमें सभी की आंखे नम हो गई। महिलाओं ने सिंदूर दान किया। बंगाली स्वर्णकार समाज का सबसे बड़ा आयोजन व्यास बगीची एयरपोर्ट रोड पर हुआ। यहां माताजी का विसर्जन के लिए आयोजन हुआ। जैसा बंगाल में होता है, वैसा ही आयोजन यहां हुआ। पहले महिलाओं ने सिंदूर दान किया और माताजी का आकर्षक श्रृंगार किया। विदाई के समय सभी की आंखे नम हो गई। स्वर्णकार समाज के आयोजन में अध्यक्ष आशुतोष माईती, उपाध्यक्ष सुकुमार हाईत, सचिव विभाष घोरई, सहसचिव तपस मालाकार, कोषाध्यक्ष विश्वजीत सामंत, सह कोषाध्यक्ष सुब्रोतो दास ने व्यवस्था संभाली। अध्यक्ष आशुतोष माईती, उपाध्यक्ष सुकुमार हाईत ने बताया कि हम सभी बंगाली एक परिवार की तरह यह आयोजन करते हैं। नौ दिनों तक ऐसा लगता है कि बेटी घर आई हो और विसर्जन के दिन सभी की आंखे विदाई होने से नम हो जाती है। बंगाल की परंपरा अनुसार यहां आयोजन होता है।

# रामजी की निकली सवारी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजनगर बड़ाकुआं के जागृति नवयुवक गरबा मंडल ने दशहरे पर रामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली। विशेष ये है कि इस यात्रा की शुरूआत पैतीस साल पहले ठेले से की गई थी, लेकिन आज का रूप बहुत भव्य है। इसी मंडल ने माताजी की मूर्ति को साड़ी पहनाने की शुरूआत भी की। दशहरे पर प्रभु श्रीराम का स्वागत नगीन नगर के रहवासियों ने किया। हजारों की भीड़ साथ चली और पूरे मार्ग पर घरो-घर से राम लक्ष्मण जानकी और हनुमान का स्वागत हुआ। संयोजक नरेन्द्र राठौर, बहादुरसिंह राजपूत आयोजक ने बताया कि शोभायात्रा में मुख्य अतिथि कल्पेश विजयवर्गीय, अशोक वीरया, शरद मनावर, बाबूलाल ठेकेदार, भंवरसिंह राजपूत, हरी सिंह राजपूत, अंकुर राजपूत, गुल्लू कालू, गौतम सैनी, मनोहर इंदर यादव शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पिछले पैंतीस सालों से यह आयोजन हो रहा है। नौ दिन गरबे होते हैं, उसके बाद दशहरे पर रामजी की शोभायात्रा निकाली जाती है, फिर रावण दहन होता है।

# श्री पितृरेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

## एकादशी पर श्री पितरेश्वर हनुमान महाराज को की ध्वजा अर्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को एकादशी के पावन अवसर पर श्री पितरेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके समर्थक और अन्य भक्त मौजूद रहे। यहां उन्होंने पितरेश्वर हनुमान महाराज को ऊं हं हनुमते नमः के जाप के साथ ध्वजा अर्पित की। साथ ही उन्होंने श्री पितरेश्वर हनुमान से देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

# राजपूत समाज का शस्त्रपूजन

इंदौर। इंदौर में प्रगतिशील क्षत्रिय महासभा द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन राजपूत धर्मशाला परिसर खातीपुरा में मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में राजपूत एवं क्षत्राणियां राजपूत परिवेश में शामिल हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा एवं विशेष अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, वरिष्ठ समाजसेवी मोहन सिंह सेंगर, इंदौर नगर निगम के पूर्व सभापति अजय नरूका, राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतन सिंह राजपूत एवं राजपूत चेतना मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह सोलंकी, रिटायर्ड जज तोमर साहब, तुलसी नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष राजेश तोमर, ज्योति तोमर उपस्थित थे।

# प्रजापति समाज की भव्य बाड़ी शोभा यात्रा राज नगर से निकली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री यादे राजस्थानी प्रजापत समाज समिति राज नगर ने भव्य बाड़ी यात्रा राज नगर से निकाली। माताजी की बाड़ी ज्वारे के विसर्जन की परंपरा जिस तरह से राजस्थान में है, उसी रूप में यहां बाड़ी ज्वारे का विसर्जन किया गया। इसके लिए निकली यात्रा में पांच हजार से ज्यादा लोग इस यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। इस यात्रा को सफल बनाने में अध्यक्ष नरसिंह प्रजापत, उपाध्यक्ष मीठालाल प्रजापत, उदयराम प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, कस्तुरचंद प्रजापत, सोहन प्रजापत, रमेश प्रजापत, युवा साथी आकाश प्रजापत, पवन प्रजापत, किशन प्रजापत, ललित प्रजापत, शंकर प्रजापत प्रकाश प्रजापत, मुकेश प्रजापत, शुभम प्रजापत, सूरज प्रजापत सहित पूरी समाज का सहयोग रहा। राज नगर प्रजापत धर्मशाला से पंचकुइयां श्रीराम मंदिर तक बाड़ी विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में इसमें समाज के लोग शामिल हुए। महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उम्र के लोगों का उत्साह इस यात्रा के दौरान देखने को मिला। श्री प्रजापति समाज युवा मोर्चा ने मंच लगाकर यात्रा का शानदार स्वागत किया। इतनी भव्य बाड़ी यात्रा यहीं से निकलती है। प्रजापति समाज की एकता का परिचय इस यात्रा से मिलता है।

# एमपी में धोखाधड़ी के दोषी को 170 साल कैद की सजा, पैसा डबल करने का लालच देकर ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सीहोर। मध्य प्रदेश में धोखाधड़ी के एक दोषी को 170 साल कैद की सजा सुनाई गई है। सीहोर जिला अदालत ने यह अभूतपूर्व फैसला देते हुए दोषी पर 9 लाख 35 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है। सीहोर डिस्ट्रिक कोर्ट के जज संजय कुमार शाही की अदालत ने चिट फंड कंपनी साईं प्रसाद कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर को यह सजा सुनाई। बाला साहब भापकर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और चिट फंड एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने इन आरोपों में निवेशकों की संख्या के हिसाब से 5-5 साल की सजा सुनाई है।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रमोद अहिरवार ने संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि जज संजय कुमार शाही की अदालत ने चिट फंड कंपनी साईं प्रसाद कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर को 170 साल की सजा और 9 लाख 35 हजार के जुर्माने से दंडित किया। अदालत ने आईपीसी की धारा 420 और चिट फंड एक्ट के तहत निवेशकों की संख्या के हिसाब से 5-5 साल की सजा सुनाई है। प्रमोद अहिरवार ने बताया कि निवेशकों की संख्या के हिसाब से कुल मिलाकर सजा 170 साल बनती है। इस मामले में फरियादी दयाराम ने थाना गोपालपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने इस शिकायत में कहा था कि स्वयं उसके परिवार और गांव के निवासियों ने साल 2012 से 15 के बीच में साईं प्रसाद कंपनी में पैसा निवेश किया था। साईं प्रसाद कंपनी ने 5 साल पूरे होने के बाद पैसा दोगुना होने का आरोप लगाया था। फरियादी दयाराम ने कहा था कि जब वह कंपनी के कार्यालय गए तो वह बंद मिला। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन की तब उनको पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हो गई है।



## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दो युवकों को 20-20 साल की कैद

### ◆ दो लाख की प्रतिकर राशि देने का आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। पॉक्सो की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में सुनवाई करते हुए नाबालिगों से दुष्कर्म के दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी अभिषेक उर्फ राजा कोल व सागर रैकवार को 20-20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिए हैं।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता के मामा ने 4 मई 2022 को अधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने बताया था कि पीड़िता 3 मई की सुबह करीब चार बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई, जिसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने अपने बयान में बताया कि अभिषेक उर्फ राजा कोल उसे बहला फुसलाकर रेलवे स्टेशन अधारताल ले गया। उसके बाद वे अभिषेक की नानी के घर गए, जहां उसके मना करने पर भी आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान पेश किए गए साक्ष्य व गवाहों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को 20 साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिए। मामले में शासन की ओर से एडीपीओ मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

दूसरे मामले में अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 1 मई 2022 को पीड़िता के पिता ने अधारताल थाने में पीड़िता के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने बताया था कि वह गमी में अपनी पत्नी के साथ जबेरा दमोह गए थे। वापस आए तो उनकी बेटी घर पर नहीं थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूंढ निकाला। जिसने अपने बयानों में बताया कि आरोपी सागर रैकवार जबरदस्ती बदनाम करने की धमकी देकर मोटर साइकिल से उसे अपनी दीदी के घर पाटन ले गया। जहां उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी सागर रैकवार को 20 साल के कठोर कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## मध्यप्रदेश में सपा-आप के बाद जदयू ने भी कांग्रेस से तोड़ लिया नाता, नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भाजपा से मुकाबले के लिए बना विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बिखर गया है। कांग्रेस के सहयोगी दलों को नजरंदाज किए जाने के चलते सपा के बाद जदयू ने भी अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। गठबंधन का हिस्सा आम आदमी पार्टी भी अपने प्रत्याशियों को उतार चुकी है।

विपक्ष के 26 दलों का जब गठबंधन हुआ तब कहा गया वे सारे देश में भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे, लेकिन गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने साफ कहा है कि इंडिया का गठन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए हुआ न कि विधानसभा चुनाव के लिए। कांग्रेस ने इसी रणनीति के तहत पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में अपने किसी सहयोगी दल को तवज्जो नहीं दी। मिजोरम को छोड़कर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की भाजपा से सीधी लड़ाई है। वहीं, तेलंगाना में उसका मुकाबला के. चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति से है।

### खुद को कमजोर नहीं करना चाहती कांग्रेस

कांग्रेस पांच राज्यों में किसी भी में सहयोगियों को सीटें देकर खुद को कमजोर नहीं करना चाहती है। यही वजह है कि वह आम आदमी पार्टी, सपा, जदयू या वामदल सहित अन्य दलों के लिए सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। कांग्रेस की रणनीति है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में वह मजबूत बनकर उभरेगी तो वह लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे में सहयोगी दलों के दबाव में आने की बजाए उन्हें दबाव में लेकर ज्यादा सीटें हासिल कर सकेगी।

### अभी और उम्मीदवार उतारने की तैयारी

230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी अब तक 45, सपा 42 और जदयू पांच उम्मीदवारों का एलान कर चुके हैं। सपा करीब 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। वहीं, जदयू ने अभी पहली ही सूची जारी की है। वह कुछ और सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जताई थी कड़ी आपत्ति

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में गठबंधन नहीं होने पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें पता होता गठबंधन विधानसभा स्तर पर नहीं है तो वह कांग्रेस से कभी बात ही नहीं करते। उन्होंने यहां तक कहा कि यूपी में कांग्रेस के साथ वैसा ही सलूक किया जा सकता है जैसा मध्य प्रदेश में उनके साथ किया गया। पिछले चुनाव में सपा ने एक सीट पर जीत हासिल की थी और पांच पर दूसरे नंबर पर थी। इसी आधार पर छह सीटों की मांग की थी।

## टिकट देकर काट लेना तो धोखेबाजी है, खामियाजा भुगतेंगे; भड़के कांग्रेस नेता कुलदीप सिंकरवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 (Madhya Pradesh Assembly Election 2023) के लिए प्रत्याशियों के नाम के ऐलान के बाद अब कांग्रेस ने अपने चार प्रत्याशियों को बदल दिया है। लेकिन पार्टी के इस कदम के बाद पूर्व में घोषित किए गए उम्मीदवार खुलेआम बगावत और विरोध पर उतर आए हैं। अपना टिकट कटने से नाराज कांग्रेस नेता कुलदीप सिंकरवार ने पार्टी को धोखेबाज तक बता दिया है।





कुलदीप सिंकरवार ने कहा, 'टिकट देकर फिर टिकट काटना यह तो कांग्रेस की सरासर धोखेबाजी है। मुझे टिकट दिया तो फिर काटा क्यो गया? कांग्रेस ने ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया है, जिसने कमलनाथ को भला-बुरा कहते हुए पार्टी बदल ली थी। पार्टी ने ऐसा क्यों किया, यह तो वही जाने। बीएसपी के आदमी को टिकट दिया है, तो इसका खामियाजा तो कांग्रेस को भुगतना ही पड़ेगा।'

इससे पहले कांग्रेस ने बुधवार को एक सूची जारी करते हुए चार प्रत्याशियों के नाम रिप्लेस किये थे। इनमें कांग्रेस नेता कुलदीप सिंकरवार का भी नाम शामिल है। टिकट कटने से नाराज उनके समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री कामलनाथ व दिग्विजय सिंह का पुतला दहन किया।

### पहले खुशी में मिठाई बांटी थी

जानकारी के अनुसार, अभी हाल ही में चार दिन पहले कांग्रेस की दूसरी सूची जारी हुई थी। इस सूची में कांग्रेस ने जिले की सुमावली विधानसभा सीट से कुलदीप सिंकरवार को प्रत्याशी घोषित किया था। पार्टी से नाम घोषित होते ही उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई थी। कार्यकर्ताओं ने टिकट मिलने की खुशी में आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटी थी। बताते है कि, पार्टी से प्रत्याशी घोषित होने के बाद कुलदीप सिंह ने पूरे उत्साह के साथ अपनी विधानसभा में प्रचार-प्रसार करना भी शुरू कर दिया था। सुबह कांग्रेस ने एक अन्य सूची जारी कर कुलदीप के नाम को रिप्लेस करते हुए उनकी जगह अजब सिंह कुशवाह को सुमावली विधानसभा से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया।

## 18 सालों से विधायक रहे वर्मा का टिकट कटने के बाद छलका दर्द, समर्थकों के बीच रो पड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा में बीते 18 साल से विधायक रहे देवेंद्र वर्मा का टिकट काटकर इस बार पार्टी ने एक नए चेहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट कटने के बाद भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र वर्मा बुधवार को पहली बार अपने समर्थकों के साथ ही मीडिया से भी रूबरू हुए। इस दौरान वे भावुक हो चले और फफक कर समर्थकों के बीच ही रोने लगे। उन्हें इस तरह रोते देखा उनके समर्थकों ने उनके आंसू पोंछे, और उनके समर्थन में नारे भी लगाए। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरेंगे, तो उन्होंने कहा अभी वे कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे हैं।**

खंडवा विधानसभा से बीते चार मर्तबा से खंडवा के विधायक रहे देवेंद्र वर्मा को इस बार भारतीय जनता पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। उनके स्थान पर पार्टी ने खंडवा से ही जिला पंचायत अध्यक्ष कंचन तनवे को मैदान में उतारा है। टिकट कटने के बाद देवेंद्र वर्मा बुधवार को पहली मर्तबा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए थे। दशहरा मिलन के नाम पर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच जब वे पहुंचे तो वे भावुक हो गए। यही नही उन्हें इस अवस्था में देखकर उनके समर्थक भी उनकी आंखों से आंसू पोंछते नजर आए। इसके बाद उन्होंने मिडिया से भी चर्चा की।

कंचन तनवे को भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है, और वह इस बार भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की बात कर रहे हैं। हालांकि देवेंद्र वर्मा की नाराजगी का खामियाजा तो पार्टी को उठाना पड़ सकता है।

## New Delhi

# सर्द हवाओं ने बिगाड़ी दिल्ली की आबोहवा, खराब श्रेणी में पहुंची वायु, एनसीआर में हालत खराब

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को पर्वतीय क्षेत्रों से आई सर्द हवाओं ने राजधानी की आबोहवा बिगाड़ दी। जिसके चलते दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी में है। वहीं, इससे पहले बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई 243 दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार को यह 220 था।**

आशंका है कि अगले छह दिनों में दिल्ली में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। दिल्ली-एनसीआर में उत्तर-पश्चिम दिशा से प्रमुख सतही हवा 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। वहीं, सफर इंडिया के अनुसार, नोएडा



में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 है, जो 'खराब' श्रेणी में है।

वहीं, गुरुवार सुबह गाजियाबाद के इंदिरापुर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 156 दर्ज किया गया है, साहिबाबाद में यह 156 रहा। इसके अलावा फरीदाबाद के सेक्टर 11 में एक्यूआई 311 दर्ज किया गया और गुरुग्राम के समसपुर में एक्यूआई 300 रहा।

बुधवार को दिल्ली का शादीपुर इलाका सबसे खराब रहा। यहां एक्यूआई सबसे ज्यादा 309 दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी है। सीपीसीबी के मुताबिक वजीरपुर में एक्यूआई 268, बवाना में 267, बुराड़ी में 261, द्वारका सेक्टर-8 में 275 रहा। इसी तरह दिल्ली के अन्य इलाकों में भी प्रदूषण का स्तर खराब दर्ज किया गया।

## Uttarpradesh

### लती ट्रेन में आग, खिड़की से कूदकर बचाई जान... पातालकोट एक्सप्रेस के 150 यात्रियों के लिए 'भगवान' बने यशपाल

आगरा, **(एजेंसी)** 25 अक्टूबर की तारीख... पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन पंजाब के फरीदकोट से मध्य प्रदेश के सियोनी जा रही थी. रोजाना की तरह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी. तभी दोपहर 3 बजकर 37 मिनट पर अचानक से आगरा से 10 किलोमीटर दूर भांडई स्टेशन के पास ट्रेन की दो जनरल बोगियों में चीख-पुकार मच गई. कारण था आग. दरअसल, ट्रेन में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी. ट्रेन को तुरंत रोका गया और यात्री अंदर से बाहर निकलने लगे. कुछ यात्रियों ने तो खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई.

हालांकि, इस हादसे में 11 लोग



आग की चपेट में आने से झुलस गए. लेकिन उनकी जान बच गई. तुरंत घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया. वहीं, मौके पर पहुंचे रेल प्रशासन ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रेन के कोचों में लगी आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया. तीन घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.

## Punjab

### प्रदेश ह्यूमन राइट्स के AIG मालविंदर गिरफ्तार, अधिकारियों से दुर्व्यवहार व धक्का-मुक्की करने का आरोप

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ह्यूमन राइट्स मालविंदर सिंह सिद्धू को बुधवार देर शाम मोहाली पुलिस ने विजिलेंस मुख्यालय से गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने विजिलेंस मुख्यालय में अधिकारियों से दुर्व्यवहार किया और धक्का-मुक्की कर सरकारी काम में बाधा डाली। उन्होंने कुछ दस्तावेजों को नुकसान भी पहुंचाया। एसएसपी मोहाली डॉ. संदीप गर्ग ने बताया कि विजिलेंस के डीएसपी वरिंदर सिंह की शिकायत पर एआईजी के खिलाफ फेज-आठ के थाने में आईपीसी की धारा 353 (लोक सेवक पर हमला) और 183 (लोक सेवक से उलझना), 323 (मारपीट) और 506 (जान से मारने की धमकी देना) के तहत केस दर्ज किया है। दूसरी तरफ इससे पहले उनकी पत्नी और बच्चों ने मुख्यालय के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि एआईजी को सुबह ही पूछताछ के लिए बुला लिया था।

## Bihar

### मुजफ्फरपुर में मूर्ति विसर्जन के बाद एक ही परिवार के चार लोगों को गोली मारी, मेले में हुआ था झगड़ा

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मूर्ति विसर्जन के बाद तीन युवकों ने एक ही परिवार के चार लोगों को गोली मार दी। वारदात कटरा प्रखंड के जजुआर गांव में बुधवार रात को हुई। फायरिंग में एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं। उन्हें बैरिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घायलों का एक दिन पहले दशहरा मेले में पड़ोसियों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने उनके घर पर चढ़कर फायरिंग कर दी।

घायलों में जजुआर निवासी हेम ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, अमन ठाकुर और मोती देवी शामिल हैं। चारों एक ही परिवार के हैं। उन्हें खतरे से बाहर बताया गया है। हेम ठाकुर और लक्ष्मण ठाकुर के पीठ में गोली लगी है। जबकि अन्य के हाथ-पांव में गोली लगी। गोली मारने का आरोप गांव के ही पड़ोसी अंकित ठाकुर और उसके परिजन पर लगा है।

सूचना मिलने के बाद डीएसपी पूर्वी सहरियार अख्तर एवं जजुआर थानेदार रमन राज ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। मौके से कई खोखे जब्त किए गए हैं। पुलिस ने घायलों से मिलकर मामले की जानकारी ली।

## खेल

# वॉर्नर-मैक्सवेल के तूफान में उड़ा नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया को मिली विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप के 24वें मैच में नीदरलैंड को 309 रन से हराकर इतिहास रच दिया। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पांच विश्व कप जीत चुकी कंगारू टीम ने यादगार प्रदर्शन किया। उसके लिए डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल ने शतक लगाया। गेंदबाजी में एडम जम्पा ने चार विकेट अपने नाम किए। ऑस्ट्रेलिया को इस विश्व कप में तीसरी जीत हासिल हुई। उसके छह अंक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया का नेट रनरेट निगेटिव से पॉजिटिव हो गया।

नीदरलैंड पर 309 रन की यह जीत विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी और ओवरऑल वनडे इतिहास की दूसरी बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। उसने 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ पर्थ में 275 रन से जीत हासिल की थी। वहीं, ओवरऑल वनडे में सबसे बड़ी



जीत का रिकॉर्ड भारत के नाम है। उसने 2023 में श्रीलंका को तिरुवनंतपुरम में 317 रन से हराया था।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 21 ओवर में 90 रन पर सिमट गई। नीदरलैंड ने विश्व कप के मौजूदा संस्करण का सबसे न्यूनतम स्कोर बनाया। उसने अफगानिस्तान को इस शर्मनाक रिकॉर्ड के मामले में पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान ने चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ 139 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए नीदरलैंड को 21 ओवर में समेट दिया। उसके लिए स्पिनर एडम जम्पा ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। मिचेल मार्श को दो सफलता मिली। मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक विकेट लिया।

नीदरलैंड के पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाए। विक्रमजीत सिंह ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। तेजा निदामानुरू ने 14, स्कॉट एडवर्ड्स ने नाबाद 12, साइब्रैंड ने 11 और कॉलिन एकरमैन ने 10 रन बनाए। मैक्स ओडाड छह, बास डी लीडे चार और आर्यन दत्त एक रन बनाकर आउट हुए। लोगन वान बीक, रूलोफ वान डेर मर्वे और पॉल वान मीकेरेन खाता भी नहीं खोल पाए।

कंगारू टीम के लिए डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल ने रिकॉर्ड शतक लगाया। वॉर्नर ने छठा शतक लगाते हुए पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। वहीं, मैक्सवेल ने आखिरी ओवरों में तूफानी पारी खेली और 40 गेंद पर ही शतक पूरा कर लिया। वह सबसे कम गेंदों पर विश्व कप में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। वॉर्नर ने 93 गेंद पर 104 और मैक्सवेल ने 44 गेंद पर 106 रन बनाए।

## सिनेमा

### बिग बॉस विनर एल्विश यादव से मांगी गई 1 करोड़ की रंगदारी, पुलिस में मामला दर्ज



बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर रहे एल्विश यादव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि एल्विश से कुछ अनजान लोगों ने 1 करोड़ की रंगदारी मांगी है. ऐसे में गुरुग्राम पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

25 अक्टूबर को एल्विश यादव से गांव वजीराबाद के पास एक फोन के माध्यम से एक करोड़ रुपए देने की डिमांड रखी गई थी. ये कॉल किसने की एल्विश को नहीं पता. ऐसे में उन्होंने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गुरुग्राम के सेक्टर 53 थाने में मुकदमा नंबर 358 दर्ज कराया है.

एल्विश यादव फेमस यूट्यूबर हैं. उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 में वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में एंट्री ली थी. बाद में वो शो के विजेता भी बने. बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद एल्विश के फेम और फैन फॉलोइंग में चार चांद लग गए हैं. हर तरफ उनके 'सिस्टम' की बात होती रहती है. अब एल्विश यादव को गानों से लेकर फिल्मों तक के ऑफर आने लगे हैं.

उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कॉमेडी वीडियो बनाकर लोगों का दिल जीता है. यूट्यूब पर तकरीबन 14.5 मिलियन सब्सक्राइबर हैं. 29 अप्रैल 2016 में एल्विश ने यूट्यूब की दुनिया में पहला कदम रखा था. इसके बाद उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 का विनर बनकर एक बड़ी मिसाल कायम कर दी है. वैसे एल्विश यादव को लग्जरी लाइफ जीने के लिए भी जाना जाता है.

## संपादकीय

# चिंता की बात

भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने का पक्ष लिया है और इजराइल में हमास के हमले में भी इसका रुख स्पष्ट रहा। लेकिन फिलहाल गाजा पट्टी में साधारण लोग बिजली, पानी की आपूर्ति बाधित किए जाने सहित व्यापक पैमाने पर इलाका खाली करने जैसे त्रासद हालात का सामना कर रहे हैं और इजराइली हवाई हमले में मारे जा रहे हैं, उसके प्रति चिंता जाहिर करना भी भारत सहित मानवता के प्रति सरोकार रखने वाले किसी भी देश की जिम्मेदारी है। हमास के हमले में बड़ी तादाद में इजराइली मारे गए थे। अब उसके प्रतिकार में इजराइल जिस तरह हमला जारी रखे हुए है, उसमें दावा यही किया जा रहा है कि निशाने पर हमास के आतंकवादी हैं, मगर हकीकत यह है कि गाजा पट्टी में लगातार बमबारी की वजह से बड़े पैमाने पर आम नागरिक मारे जा रहे हैं। सवाल है कि क्या युद्ध के दौरान देशों के लिए बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सीमाओं का खयाल रखना किसी पक्ष के लिए जरूरी नहीं रह गया है! गौरतलब है कि इजराइल ने गाजा पट्टी पर चौबीस घंटे के दौरान लगातार हवाई हमलों के जरिए बमबारी की, जिसमें सात सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबरें आईं। गाजा पर इजराइली बमबारी में एक दिन में मरने वालों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के ठिकानों पर हमले किए हैं, लेकिन सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों को शिकार बनाने से किसका और किस तरह का मकसद पूरा हो रहा है? हमास के हमले का जवाब देने के क्रम में फिलहाल इजराइल का जो तेवर दिख रहा है, उसमें शायद इस बात की फिक्र नहीं है कि युद्ध में कौन मारा जा रहा है और किसे बख्शना है। अब तक गाजा पट्टी में करीब छह हजार से ज्यादा आम नागरिकों की मौत की खबरें आ चुकी हैं। इनमें लगभग आधे नाबालिग या बच्चे थे। यह बेवजह नहीं है कि अब दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता पैदा हो रही है कि इन हमलों का सिरा आखिर कहां जाकर रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की यह व्यथा समझी जा सकती है कि गाजा में हो रहे अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन चिंताजनक हैज् किसी भी सैन्य संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। भारत ने भी बुधवार को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ती स्थिति और संघर्ष में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत को लेकर गहरी चिंता जताई।




।। ऋतधीतयो रुरुचन्त दस्माः ।।
(ऋग्वेद.४.५५.२.)

**सच्चा पराक्रम करनेवाले तथा सत्य के धारण करनेवाले लोग अत्यन्त सुशोभित होते हैं।**

॥ राम ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**अत्यंत सुख से ही, विपत्ति का जन्म होता हैं....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म




दिनांक 28 अक्टूबर 2023, शरद पूर्णिमा को खंडग्रास चन्द्रग्रहण है।

चंद्रग्रहण 28 अक्टूबर की रात 1 बजकर 06 मिनट पर शुरू होगा और रात्रि में 2 बजकर 22 मिनट तक ग्रहण रहेगा।

भारतीय समय अनुसार चंद्र ग्रहण लगने के 9 घंटे पहले यानी 28 अक्टूबर की शाम 04 बजकर 06 मिनट से सूतक काल लग जाएगा।

बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं और रोगी के लिए सूतक प्रारम्भ समय रात्रि 08:36 से।

दक्षिण पूर्वी भाग ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर विश्व के सभी देशों में जैसे भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, चीन, ईरान, कज़ाख़िस्तान, उज़्बेकिस्तान, सऊदी अरब, जर्मनी, जापान, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, स्वीडन, मलेशिया, अमेरिका एवं अन्य देशों में दिखाई देगा।

जहाँ ग्रहण दिखाई देगा, वहाँ पर नियम पालनीय हैं।

### ◆ चंद्रग्रहण सम्बंधित महत्त्वपूर्ण बातें

1. चन्द्रग्रहण के समय श्रेष्ठ साधक उपवासपूर्वक रहे।
2. चन्द्रग्रहण में ग्रहण से चार प्रहर (09 घंटे) पूर्व भोजन नहीं करना चाहिए। बूढ़े, बालक और रोगी डेढ़ प्रहर (साढ़े चार घंटे) पूर्व तक खा सकते हैं।
3. ग्रहण के समय भोजन करने वाला मनुष्य जितने अन्न के दाने खाता है, उतने वर्षों तक 'अरुन्तुद' नरक में वास करता है।
4. सूतक से पहले पानी में कुशा, तिल या तुलसी-पत्र डाल के रखें ताकि सूतक काल में उसे उपयोग में ला सकें। ग्रहणकाल में रखे गये पानी का उपयोग ग्रहण के बाद नहीं करना चाहिए किंतु जिन्हें यह सम्भव न हो वे उपरोक्तानुसार कुशा आदि डालकर रखे पानी को उपयोग में ला सकते हैं।
5. ग्रहण-वेध के पहले जिन पदार्थों में कुश या तुलसी की पत्तियाँ डाल दी जाती हैं, वे पदार्थ दूषित नहीं होते। पके हुए अन्न का त्याग करके उसे गाय, कुत्ते को डालकर नया भोजन बनाना चाहिए।
6. ग्रहण वेध के प्रारम्भ में तिल या कुश मिश्रित जल का उपयोग भी अत्यावश्यक परिस्थिति में ही करना चाहिए और ग्रहण शुरू होने से अंत तक अन्न या जल नहीं लेना चाहिए।
7. ग्रहण पूरा होने पर स्नान के बाद सूर्य या चन्द्र, जिसका ग्रहण हो उसका शुद्ध बिम्ब देखकर अर्घ्य दे कर भोजन करना चाहिए।
8. ग्रहणकाल में स्पर्श किये हुए वस्त्र आदि की शुद्धि हेतु बाद में उसे धो देना चाहिए तथा स्वयं भी वस्त्रसहित स्नान करना चाहिए। स्त्रियाँ सिर धोये बिना भी स्नान कर सकती हैं।
9. ग्रहण के स्नान में कोई मंत्र नहीं बोलना चाहिए। ग्रहण के स्नान में गरम जल की अपेक्षा ठंडा जल, ठंडे जल में भी दूसरे के हाथ से निकाले हुए जल की अपेक्षा अपने हाथ से निकाला हुआ, निकाले हुए की अपेक्षा जमीन में भरा हुआ, भरे हुए की अपेक्षा बहता हुआ, (साधारण) बहते हुए की अपेक्षा सरोवर का, सरोवर की अपेक्षा नदी का, अन्य नदियों की अपेक्षा गंगा का और गंगा की अपेक्षा भी समुद्र का जल पवित्र माना जाता है।
10. ग्रहण के समय गायों को घास, पक्षियों को अन्न, जरूरतमंदों को वस्त्रदान से अनेक गुना पुण्य प्राप्त होता है।
11. ग्रहण के दिन पत्ते, तिनके, लकड़ी और फूल नहीं तोड़ने चाहिए। बाल तथा वस्त्र नहीं निचोड़ने चाहिए व दंतधावन नहीं करना चाहिए।
12. ग्रहण के समय ताला खोलना, सोना, मल-मूत्र का त्याग, मैथुन और भोजन – ये सब कार्य वर्जित हैं।
13. ग्रहण के समय कोई भी शुभ व नया कार्य शुरू नहीं करना चाहिए।

Highlights

- Mumbai civic body bans open-air garbage burning to curb pollution
- Indian Railways to run 283 special trains till Chhath Puja
- It's disrespectful: Badal on auction of Golden Temple model gifted to PM
- ED searches Bengal minister Jyoti Mallick's house in ration scam
- India's 1st vertical lift railway sea bridge nears completion; pics released

# Accounting regulator NFRA probing member firm of Adani's auditor EY: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** India's accounting regulator is investigating an EY member firm that audits five companies that are part of billionaire Gautam Adani's eponymous conglomerate, a source familiar with the matter said on Wednesday.

The National Financial Reporting Authority (NFRA) started an inquiry into S.R. Batliboi a few weeks ago, the source said, declining to be named as the person is not authorised to talk to the media on the matter.

We're now on WhatsApp. Click to join.

S.R. Batliboi currently audits three listed Adani group firms -- Adani Power, Adani Green Energy and Adani Wilmar -- as well as recently acquired cement companies ACC and Ambuja Cements.

"The inquiry is a part of the investigation going on regarding Adani companies and all auditors who have audited Adani companies will go through the same process," the source said, without sharing further details.




EY India, S.R. Batliboi and the NFRA did not respond to Reuters' requests for comments. Bloomberg News first reported the news.

The Bloomberg News report said the regulator had requested files and communications related to Batliboi's audits on some Adani-controlled companies going as far back as 2014, citing people familiar with the matter.

It was not clear how long the inquiry could take or the repercussions, if any, for either party, the report said. In a statement on Wednesday, Adani Group rejected any suggestions that the company and its business have not acted as per the regulations and accounting standards of the jurisdictions they operated in.

"The Adani Group has always conducted its business in compliance with all applicable laws and regulations and is confident about its practices, governance and disclosures," the statement said.

# Tech Mahindra's Q2 net profit falls 61.6%, worst since March 2007

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Tech Mahindra on Wednesday posted its biggest fall in profit in over 16 years as expenses mounted and clients tightened spending amid a tough macroeconomic environment.

India's information technology (IT) industry has been grappling with delays in dealmaking, as businesses in the U.S. and Europe, from where it draws the bulk of revenue, cut back investments amid fears of a recession.




Top IT services providers Tata Consultancy Services and Infosys reported lower-than-expected revenue, with Infosys along with HCLTech cutting annual revenue forecasts earlier this month.

Tech Mahindra's net profit for the quarter fell 61.6%, its worst performance since March 2007.

Consolidated revenue from operations fell 2.02% year-on-year, while expenses rose nearly 7%, led by a 30% jump in "other expenses." "Near-term demand environment remains challenging as the telecom sector, on which Tech Mahindra has a high dependence remains stressed," said Piyush Pandey lead analyst, Yes Securities.

Any recovery in revenue growth will likely happen in the next financial year, he added. Tech Mahindra's new deal wins fell to $640 million from $716 million a year ago. The company's earnings before interest and tax (EBIT) margin contracted to 4.7% from 11.4% a year ago.

# पत्नी का दुपट्टे से गला घोटा

## पत्नी से बच्चा लेने आए पति ने किया विवाद, दूसरी घटना में पत्नी को चाकू से गोदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में अपना बच्चा लेने आए पति ने पत्नी की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या करने की कोशिश की। बाद में पत्नी थाने पहुंची। मामले में पति के खिलाफ जान से मारने की नियत से गला घोटने के मामले में केस दर्ज कराया है। इधर भंवरकुआ में भी एक पति ने अपनी पत्नी से चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किये। गंभीर हालत में महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक रिहाना 23 साल निवासी ई सेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने अय्यूब खा निवासी नुसरत नगर मदरसा वाली गली देवास के खिलाफ हत्या की नीयत से हमला करने के मामले में केस दर्ज किया है। रिहाना ने बताया कि वह उसके पति से काफी समय से अलग रह रही है। देवास से पति बिना बताए इंदौर आ गया सीधे घर पर आने के बाद उसने हमारा बच्चा देने की बात की। इस बात पर इंकार करने पति अय्यूब खा ने गले में पड़ी ओडऩी से गला घोटने की कोशिश की। वही कहने लगा कि हत्या करने के बाद दूसरी शादी कर लेगा। काफी देर तक आरोपी ने गले को दबाए रखा। जिसमें सांसे रूकी रही। बाद में अय्यूब धक्का देकर फरार हो गया।

भंवरकुआ इलाके में रहने वाली संगीता बड़ोले ने बताया कि उसके पति राजकुमार बडोले ने आपसी कहासुनी के बाद उस पर हमला कर दिया। आरोपी पति ने गर्दन पकड़ी ओर एक के बाद एक चाकू से कई वार किये। महिला को गर्दन,चेहरे,छाती ओर पैरो में चाकू से चोट लगी है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। इधर हत्या की नीयत से हमले का केस दर्ज कर आरोपी राजकुमार की तलाश की जा रही है।

# हादसे में दंपती की मौत, जुड़वां बच्चे हुए घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदैर**। बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती और उनके दो जुड़वा बच्चों को टक्कर मार दी। घटना में दंपती की मौत हो गई। वही दोनो जुड़वा बच्चे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मध्यभारत अस्पताल लाया गया। नखेरी तालाब से माता विसर्जन कर अपनी बाइक से लौट रहे मुकेश पिता नारायण चौहान, पत्नी अरुणा पति नारायण, बेटा नयन और बेटी नव्या को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। वही दोनों जुड़वा बच्चे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से शासकीय मध्यभारत अस्पताल ले जाया गया। जहां पर दोनों का उपचार किया गया। वही दोनों बच्चो की सहायता के लिए कांग्रेस प्रत्याशी राम किशोर शुक्ला भी अस्पताल पहुंचे। इसके अलावा स्थानीय प्रशासन ने भी उनकी मदद के लिए प्रक्रिया शुरू की। यहां अस्पताल में घायल दोनों जुड़वां बच्चे चिकित्सक से बार बार यही पहुंचते रहे की हमारे माता पिता कैसे है। उनको कितनी लगी है। चिकित्सकों ने उन्हें कहा की वह ठीक है और उनका उपचार दूसरे कक्ष में चल रहा है। अस्पताल पहुंचे आसपास के लोगो ने बताया की इनके परिवार में बस यह चार लोग ही रहते थे। जिसमे से अब माता पिता की मौत हो गई है।

## बालिका की मौत दिमागी बीमारी से हुई-टीआई

### मामला बिजासन मंदिर पर झूले के दौरान करंट लगने का

इंदौर। बिजासन मंदिर में झूला झूलते समय हुई बालिका की मौत का कारण स्ष्ट हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की दोबारा जांच में डॉक्टरों ने मौत का कारण दिमागी बीमारी से होने का उल्लेख किया है। करंट लगने के दौरान मौत होने का आरोप बालिका के पिता ने लगाया था। एरोड्रम थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि सप्तमी के दिन रात 12 बजे एरोड्रम में रहने वाली 14 वर्षीय बालिका कनक पिता पवन रनवासी को झूले से उतरते समय करंट लग गया था। तत्काल परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। बालिका के पिता की हातोद में इलेक्ट्रिक दुकान है। उन्होंने आरोप लगाए थे कि घटना के समय पुलिस मौजूद नहीं थी, वहीं झूले से करंट आ रहा था। पुलिस की मानें तो जिस समय बालिका झूले से उतर रही थी, उस समय झूले पर अन्य लोग भी थे। करंट अन्य लोगों को भी लग सकता है। केवल बालिका को करंट लगने संदेहास्पद लग रहा था। करंट लगते समय बालिका के परिजनों ने शोर भी नहीं मचाया। झूले के आसपास भी सैकड़ों लोग थे। इसलिए पुलिस ने बालिका के पिता के आरोप को निराधार बताया था।

## एटीएम तोड़ने की कोशिश

**इंदौर।** जूनी इंदौर इलाके में एक एटीएम को तोडऩे का सीसीटीवी सामने आया है। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामले में बैक अफसरों द्वारा थाने पर शिकायत की गई है। पुलिस के मुताबिक टॉवर चौराहे पर ओल्ड क्वाईन प्लाजा में यूनियन बैक का एटीएम है। यहां कुछ दिन पहले रात में दो बदमाशों ने छेडख़ानी करते हुए एटीएम को तोडऩे का प्रयास किया। इस मामले में बैंक के अफसरों को मशीन में छेडख़ानी करने की जानकारी लगी। जिसके बाद उन्होंने जूनी इंदौर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को बैंक अफसरों ने फुटेज भी सौंपे है। जिसमें टीशर्ट पहने दो बदमाश मशीन में तोडफ़ोड़ करते नजर आ रहे हैं। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम इस मामले में आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## पचास पेटी शराब और कार जब्त, चालक फरार

**इंदौर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर के बगदून थाना पुलिस को एक कार 50 पेटी शराब पकडऩे में सफलता हाथ लगी है। उक्त जानकारी देते हुए पीथमपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर पुलिस अवैध शराब तस्करी व परिवहन की रोकथाम हेतु सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान पीथमपुर पुलिस की ओर से अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके पश्चात एक काले रंग की मारुति अल्टो कार से अवैघ शराब की डिलीवरी देने के लिए लखानी कंपनी के पास आने की सूचना प्राप्त हुई। जिसे पीथमपुर पुलिस की ओर से घेराबंदी कर रोका गया तो कार चालक मौके से फरार हो गया। कार की तलाशी ली गई तो उसमे पीछे सीट और डिक्की में देशी मदिरा प्लेन शराब की कुल 50 पेटी किमती 1,62,500 रखी हुई मिली। जिसे पीथमपुर पुलिस की ओर से जब्त किया गया। फरार आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं कार मालिक की जानकारी भी निकाली जा रही है।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और प्रशासन ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान विश्वास नगर महू गांव क्षेत्र सायरन की आवाज से गूंज उठा। विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से मिलकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। यह फ्लैग मार्च मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और निर्भीक हो कर अपना वोट देने के लिए प्रेरित करने को लेकर निकाला गया। फ्लैग मार्च में पैरामिलिट्री फोर्स भी शामिल हुआ। साथ ही एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी, एसडीओपी दिलीप सिंह चौधरी, थाना प्रभारी कुलदीप खत्री समेत पुलिस फोर्स भी साथ चला। यह फ्लैग मार्च पीथमपुर चौपाटी शांति नगर, महू गांव समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाला।

# डीजे के विवाद में चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अलसुबह तक तेज आवाज में म्यूजिक बजाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद में चाकूबाजी हो गई, जिसमें एक घायल हुआ है। आरोप है कि थाने में भी आरोपी युवक-युवतियों ने पथराव कर दिया। इधर पुलिस अधिकारियों ने थाने में मारपीट की बात से इंकार किया है।

खजराना थाना क्षेत्र के अंबिकापुरी में चल रही एक पार्टी के दौरान अर्जुन पालीवाल उर्फ मॉडल और कान्हा पर युवक-युवतियों ने हमला कर दिया। गुरुवार देर रात रात तीन बजे अर्जुन पालीवाल और कान्हा तेज आवाज आने के कारण युवक-युवतियों को रोकने पहुंचे। इसे लेकर दोनों पक्ष में विवाद हो गया। इसके बाद अर्जुन और कान्हा ने खजराना थाने में शिकायत की। बताया जाता है कि अर्जुन पालीवाल भाजपा नेत्री का बेटा है।

इनकी शिकायत पर पीसीआर वैन युवक-युवतियों को पकडक़र थाने ले आई। लेकिन थाने में भी दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। आरोप है थ्क युवक युवतियों ने थाने के अंदर ही मौजूद पुलिसकर्मियो और दोनों शिकायतकर्ताओं के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान उन्हें सभालने वाले पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। इस मामले में एक स्टूडेंट के गाल पर ब्लेड मारने और भाजपा नेत्री के बेटे अर्जुन पालीवाल ने चाकू मारने का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक मारपीट करने वाले अजय ठाकुर, शादाब और जानू थे। दो दिन पहले भी उन्होंने खजराना इलाके में ही कार से जा रहे युवक पर भी हमला किया था। पूरे घटनाक्रम में डीसीपी अभिषेक आंनद ने थाने में तोडफ़ोड़ की बात से इंकार किया है। उनके मुताबिक मकान मालिक ओर किरायदार का आपसी विवाद था। इधर टीआई उमराव सिंह का कहना है कि जिसमें मकान मालिक के साथ चाकूबाजी की वारदात हुई है। रात में आरोपियों को महिला सब इंस्पेक्टर पकडक़र थाने ले आई। सभी पर केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों में एक लडक़ी है। जो अर्जुन पालीवाल के यहां किराये से रहती है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।